रोल नं.
Roll No. | 1 | 1 | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में मुद्रित पृष्ठ 18 हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 17 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्नपत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# II–PRE BOARD EXAMINATION

# हिन्दी

## कक्षा–दसवीं

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

सामान्य निर्देश :

1) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं– 'अ' और 'ब'।
2) खण्ड 'अ' में कुल 10 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं।
3) खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए। निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [1×5=5]

यदि हमारे वृक्ष स्वस्थ हैं, तो निश्चित मानिए हम भी स्वस्थ हैं। हमें तो वायु प्राण उन्हीं से मिलती है। हम कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते या उन्हें देते हैं और वे बदले में ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे जीवन की हर गतिविधि के लिए आवश्यक है। हमारे स्वास्थ्य का हर बिंदु ऑक्सीजन की उपलब्धता से अनुप्राणित है। हम यदि अपने आस–पास खड़े वृक्षों की रक्षा का जिम्मा अपने कंधों पर उठा लें तो निश्चित मानिए कि अपने आपको लम्बे समय तक स्वस्थ रखने की गारंटी प्राप्त कर ली है। वृक्षों की रक्षा में ही हमारे जीवन की सुरक्षा का राज छिपा है। कहा जाता है कि एक स्वस्थ मन हजारों सोने के सिंहासनों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है, क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ है। कुत्सित विचारों वाले लोग अपना जीवन तो चला सकते हैं, लेकिन समाज और देश को नहीं चला सकते। करोड़ों परिवारों के सुनहरे भविष्य के बारे में वही चिंतन, मनन और सृजन कर सकता है, जो व्यर्थ के लालच, लोभ और षड्यंत्रों से मुक्त हो और जिस पर किसी भी प्रकार का कोई अनुचित दबाव न हो।

निम्नलिखित प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए –

i) हमारा स्वास्थ्य वृक्षों पर किसलिए निर्भर है ?

क) वृक्षों के नीचे हम निवास करते हैं।

ख) वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं।

ग) वृक्ष हमें दवाइयाँ देते हैं।

घ) उपरोक्त सभी

ii) हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में वृक्षों का क्या महत्वपूर्ण योगदान है ?

क) वृक्ष कार्बन डाई ऑक्साइड लेकर हमें ऑक्सीजन देते हैं।

ख) वृक्ष हमें कार्बन डाई ऑक्साइड देते हैं।

ग) वृक्ष नाइट्रोजन देते हैं।

घ) इनमें से कोई नहीं।

iii) हमारे जीवन की सुरक्षा का राज किसमें छिपा है ?

क) वृक्षों को काटने में

ख) वृक्षों से लाभ उठाने में

ग) वृक्षों की रक्षा में

घ) (i) और (ii) दोनों

iv) गद्यांश में स्वस्थ मन को सर्वाधिक मूल्यवान क्यों कहा गया है ?

क) क्योंकि उससे करोड़ों महल खरीदे जा सकते हैं।

ख) क्योंकि स्वस्थ मन हमें शक्तिशाली बनाता है।

ग) इससे हम धनवान होते हैं।

घ) क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ होता है।

v) 'उपलब्धता' शब्द में उपसर्ग है–

क) उपलब्ध   ख) ता

ग) उप   घ) लब्ध

2. निम्नलिखित दो काव्यांशों में से किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1×5=5]

ओ निराशा, तू बता क्या चाहती है ?

मैं कठिन तूफान कितने झेल आया,

मैं रुदन के पास हँस–हँस खेल आया।

मृत्यु–सागर–तीर पर पद–चिन्ह रखकर–

मैं अमरता का नया संदेश लाया।
आज तू किस को डराना चाहता है ?
ओ निराशा तू बता क्या चाहती है ?
शूल क्या देखूँ चरण जब उठ चुके हैं
हार कैसी, हौसले जब बढ़ चुके हैं।
तेज़ मेरी चाल आँधी क्या करेगी ?
आग में मेरे मनोरथ तप चुके हैं।
आज तू किससे लिपटना चाहती है ?
चाहता हूँ मैं कि नभ-थल को हिला दूँ,
और रस की धार सब जग को पिला दूँ।
चाहता हूँ पग प्रलय-गति से मिलाकर
आह की आवाज़ पर मैं आग रख दूँ।
आज तू किसको जलाना चाहती है ?
ओ निराशा तू बता क्या चाहती है ?

निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए-

i) निराशा किसे डराना चाहती है ?

क) साहसी कवि को

ख) मननशील पाठ को

ग) जुझारू वीरों को

घ) निराश व्यक्ति को

ii) कवि क्या चाहता है ?-

क) विश्व में प्रलय

ख) इच्छाओं की पूर्ति

ग) संसार में क्रान्ति

घ) असीमित अधिकार

iii) कवि निराशा को ललकारते हुए अपने बारे में बता रहा है कि –

क) वह परेशानियों से पराजित हुआ है।

ख) वह तूफानों से डरा है।

ग) उसको दुखों ने रुलाया है।

घ) वह अमरता का संदेश लेकर आया है।

iv) कविता का मुख्य संदेश है–

क) वीरता

ख) अमरता

ग) क्रांतिकारिता

घ) आशावादिता

v) 'मृत्यु सागर' में प्रयुक्त अलंकार है–

क) श्लेष अलंकार

ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

ग) रूपक अलंकार

घ) उपमा अलंकार

अथवा

देश के आज़ाद होने पर बिता लंबी अवधि
अब असह्य इस दर्द से हैं धमनियाँ फटने लगीं
व्यर्थ सीढ़ीदार खेतों में कड़ी मेहनत किए
हो गया हूँ और जर्जर, बोझ ढोकर थक गया
अब मरूँगा तो जलाने के लिए मुझको,
अरे! दो लकड़ियाँ भी नहीं होंगी सुलभ इन जंगलों से।
वन कहाँ हैं ? जब कुल्हाड़ों की तृषा है बढ़ रही
काट डाले जा रहे हैं मानवों के बंधु तरुवर
फूल से, फल से, दलों से, मूल से, तरु–छाल से
सर्वस्व देकर जो मनुज को लाभ पहुँचाते सदा
कट रहे हैं ये सभी वन,

पर्वतों की दिव्य शोभा हैं निरंतर हो रही विद्रूप
ऋतुएँ रो रहीं गगनचुम्बी वन सदा जिनके हृदय से
फूटते झरने, नदी बहती सुशीतल नीर की
हर पहर नित चहकते हैं कूकते रहते विहग
फूल पृथ्वी का सहज श्रृंगार करते हैं जहाँ।

निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए–

i) 'अब असह्य इस दर्द से'– में असह्य दर्द का कारण क्या है ?

क) आज़ादी के बाद लंबी अवधि बिता देना

ख) खेतों में कड़ी मेहनत करना

ग) वनों का न रहना

घ) जर्जर हो जाना

ii) 'जब कुल्हाड़ी की तृषा है बढ़ रही' कथन से क्या तात्पर्य है ?

क) हिंसा बढ़ना।

ख) सामाजिक क्रांति होना।

ग) युद्ध का अवसर आना।

घ) पेड़ों को काटकर भी तृप्त न होना

iii) अंत्येष्टि के लिए लकड़ियाँ सुलभ न होने का कारण है–

क) वन काटे जा रहे हैं।

ख) वर्षा के अभाव में वनों का सूखना

ग) वन महोत्सव।

घ) मुनाफाखोरी।

iv) पेड़ों को मानवबंधु क्यों कहा गया है–

क) मानव पेड़ों का व्यापार करता है।

ख) पेड़ हमें अपना सर्वस्व देते हैं।

ग) पेड़ हमें ईंधन देते हैं।

घ) मानव पेड़ों का रक्षक है।

v) इस कविता में क्या प्रेरणा दी गई है ?

क) स्वच्छता की

ख) स्वार्थी बनने की

ग) वन–कटाई की

घ) वन–संरक्षण की

## व्यावहारिक व्याकरण

3. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1×4=4]

i) यद्यपि वह साधारण व्यक्ति है तथापि बहुत काम का है। (सरल वाक्य में बदलिए)

क) वह साधारण व्यक्ति है इसलिए बहुत काम का है।

ख) वह बहुत काम का व्यक्ति है इसलिए साधारण है।

ग) वह साधारण व्यक्ति बहुत काम का है।

घ) इनमें से कोई नहीं

ii) एक मोटरकार उनकी दुकान के सामने आकर रुकी। (वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूप है–)

क) एक मोटरकार उनकी दुकान के सामने आई और रुक गई।

ख) दुकान के सामने आते ही मोटरकार रुक गई।

ग) मोटरकार को रुकना था इसलिए दुकान के सामने आई।

घ) सभी विकल्प सही हैं।

iii) सहसा भाई साहब से मेरी मुठभेड़ हो गई जो शायद बाज़ार से लौट रहे थे। (रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए)

क) सरल वाक्य

ख) संयुक्त वाक्य

ग) मिश्र वाक्य

घ) इनमें से कोई नहीं

iv) मेरे जीवन का लक्ष्य है कि मैं इंजीनियर बनूँ। (रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए)

क) विशेषण उपवाक्य

ख) संज्ञा उपवाक्य

ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य

घ) सर्वनाम उपवाक्य

v) बेटिकट बस से उतर जाएँ। (वाक्य का मिश्र वाक्य में रूप होगा)

क) जिनके पास टिकट नहीं है, वे बस से उतर जाएँ।

ख) वे बस से उतर गए जिनके पास टिकट नहीं हैं।

ग) बिना टिकट वालों को बस से उतरना होगा।

घ) इनमें से कोई नहीं।

4. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×4=4]

i) इस वाक्य का वाच्य बताइए–'अशोक ने विश्व को शांति का संदेश दिया।'

क) कर्मवाच्य ख) कर्तृवाच्य

ग) भाववाच्य घ) क्रियावाच्य

ii) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य छाँटिए–

क) अरविंद द्वारा कल पत्र लिखा जाएगा।

ख) बच्चों द्वारा नमस्कार किया गया।

ग) सरकार द्वारा लोक कलाकारों का सम्मान किया गया।

घ) नेता जी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया।

iii) चलो, आज मिलकर कहीं घूमा जाए। (वाक्य में प्रयुक्त वाच्य पहचानिए)

क) कर्तृवाच्य

ख) भाव वाच्य

ग) कर्मवाच्य

घ) इनमें से कोई नहीं

iv) भाई साहब ने मुझे पतंग दी। (वाक्य का कर्मवाच्य रूप होगा)

क) पतंग दी गई भाईसाहब द्वारा मुझे।

ख) भाईसाहब द्वारा पतंग दी गई मुझे।

ग) भाईसाहब द्वारा मुझे पतंग दी गई।

घ) सभी विकल्प सही हैं।

v) उनके सामने कौन बोल सकेगा ? (वाक्य का भाववाच्य में रूप होगा)

क) उनके सामने किससे बोला जा सकेगा।

ख) कौन बोल सकता है उनके सामने।

ग) बोल सकता है कौन उनके सामने।

घ) इनमें से कोई नहीं।

5. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

i) रोहन <u>यहाँ</u> नहीं आया था। (रेखांकित पद का परिचय दीजिए)

क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

ग) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

घ) कालवाचक क्रियाविशेषण

ii) अपने गाँव की मिट्टी छूने के लिए मैं तरस गया। (रेखांकित पद का परिचय बताइए)

क) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

ग) समूहवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

घ) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक

iii) अरे वाह! तुम नृत्य भी कर सकती हो। (रेखांकित पद का पद–परिचय दीजिए)

क) संबंधबोधक अव्यय

ख) समुच्चयबोधक अव्यय

ग) क्रियाविशेषण अव्यय

घ) विस्मयादि बोधक अव्यय

iv) बच्चों की मुस्कान मनमोहक होती है। (रेखांकित पद का पद–परिचय लिखिए)

क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

ख) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

ग) समूहवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

v) रसोई के अंदर बिल्ली है– रेखांकित पद का परिचय है–

क) अव्यय, संबंधबोधक

ख) अव्यय, विस्मयादिबोधक

ग) अव्यय, क्रियाविशेषण

घ) अव्यय, समुच्चयबोधक

6. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×4=4]

i) काव्य पंक्तियों में निहित अलंकार को पहचानकर उचित विकल्प का चयन कीजिए :–

पद्मावती सब सखी बुलाई।

मनु फुलवारी सबै चलि आई।।

क) श्लेष अलंकार

ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

ग) मानवीकरण अलंकार

घ) अतिशयोक्ति अलंकार

ii) मंगन को देखि पट देत बार–बार है।'

क) उत्प्रेक्षा अलंकार

ख) श्लेष अलंकार

ग) मानवीकरण अलंकार

घ) अतिशयोक्ति अलंकार

iii) 'मेघ आए बड़े बन–ठनकर सँवर के।'

क) अतिशयोक्ति अलंकार

ख) श्लेष अलंकार

ग) उत्प्रेक्षा अलंकार

घ) मानवीकरण अलंकार

iv) 'प्राण छूटै प्रथमै रिपु के रघुनायक सायक छूट न पाए।'

क) श्लेष अलंकार

ख) मानवीकरण अलंकार

ग) अतिशयोक्ति अलंकार

घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

v) 'नवजीवन दो घनश्याम हमें।'

क) उत्प्रेक्षा अलंकार

ख) श्लेष अलंकार

ग) मानवीकरण अलंकार

घ) अतिशयोक्ति अलंकार

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थ सबसे उचित विकल्प चुनिए :- [1×5=5]

पर यह पितृ–गाथा मैं इसलिए नही गा रही कि मुझे उनका गौरव–गान करना है, बल्कि मैं तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन–सी खूबी और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व के ताने–बाने में गुँथी हुई हैं या कि अनजाने–अनचाहे किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रंथियों को जन्म दे दिया। मैं काली हूँ। बचपन में दुबली और मरियल भी थी। गोरा रंग पिताजी की कमजोरी थी सो बचपन में मुझसे दो साल बड़ी, खूब गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहिन सुशीला से हर बात में तुलना और फिर उसकी प्रशंसा ने ही, क्या मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन–भाव की ग्रंथि पैदा नहीं कर दी कि नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मैं उससे उबर नहीं पाई ? आज भी परिचय करवाते समय जब कोई कुछ विशेषता लगाकर मेरी लेखकीय उपलब्धियों का ज़िक्र करने लगता है तो मैं संकोच से सिमट ही नहीं जाती बल्कि गड़ने–गड़ने को हो आती हूँ।

i) लेखिका द्वारा अपने पिता के व्यक्तित्व के विषय में लिखने का उद्देश्य है–

क) उनका गौरव–गान

ख) अपने व्यक्तित्व की संरचना में उनका प्रभाव

ग) उनके गुण–दोषों की चर्चा

घ) उनके व्यक्तित्व के विभिन्न रूपों का बखान

ii) लेखिका की हीन–भावना का कारण था–

क) पिताजी का अनचाहा व्यवहार

ख) पिता का क्रोधी स्वभाव

ग) गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहिन

घ) लेखिका का रंग–रूप तथा बड़ी बहिन से उसकी तुलना

iii) लेखिका के मन में उपजी हीन–भावना का क्या परिणाम हुआ ?

क) उपलब्धि और प्रतिष्ठा के बाद भी आत्मविश्वास न रहा।

ख) साहित्यिक चिन्तन बाधित हुआ।

ग) स्वास्थ्य और गतिविधियाँ प्रभावित हुईं।

घ) पिता के प्रति सम्मान में कमी।

iv) लेखकीय उपलब्धियों की प्रशंसा के क्षणों में भी लेखिका के अतिशय संकोच का कारण है–

क) उपलब्धियों की कमी

ख) लेखकीय रचनाओं में दोष

ग) मन की परतों में दबी हीन–भावना

घ) बेहद शर्मीला स्वभाव

v) 'उपलब्धि' का समानार्थक शब्द है–

क) उपेक्षा

ख) समाप्ति

ग) अपेक्षा

घ) प्राप्ति

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए :– [1×2=2]

i) किस इतिहास में शहनाई का कोई उल्लेख नहीं उपलब्ध होता है ?

क) मुगलकालीन ख) मराठाकालीन

ग) वैदिक कालीन घ) इनमें से कोई नहीं

ii) संसार के मजदूरों को सुखी देखने का सपना किसने देखा था ?

क) लेनिन

ख) रूसो

ग) कार्ल मार्क्स

घ) गाँधी जी

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थ सबसे उचित विकल्प चुनिए– [1×5=5]

मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत–नीलिमा में असंख्य जीवन–इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य–मलिन उपहास
तब भी कहते हो–कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे देखोगे–यह गागर रीती।

i) यहाँ 'मधुप' शब्द किस ओर संकेत करता है ?

क) कवि का अन्तर्मन

ख) शहद

ग) फूलों का मँडराता भौंरा

घ) समय

ii) 'मुरझाकर गिर रहीं पत्तियों' से कवि का क्या आशय है ?

क) पेड़ से झड़कर गिरती सूखी पत्तियाँ

ख) जीवन में आए वे सुख जो असमय ही नष्ट हो गए।

ग) धीरे–धीरे मृत्यु के और निकट जाना

घ) समय का बीतते जाना

iii) कवि अपनी दुर्बलताओं को दूसरों के सामने व्यक्त क्यों नहीं करना चाहता ?

क) क्योंकि लोग नहीं चाहते कि वह ऐसा करें।

ख) वह अपने जीवन का कोई और ही पक्ष दूसरों के सामने रखना चाहता है।

ग) उसे भय है कि लोग उसकी दुर्बलताओं का उपहास करेंगे।

घ) उसे लगता है कि लोग उसकी बात नहीं सुनेंगे।

iv) 'गागर रीती' से कवि का क्या आशय है ?

क) जल से भरा घड़ा

ख) अधजल गगरी

ग) असफल जीवन

घ) सुखमय जीवन

v) कौन–सा विकल्प 'अनंत' के अर्थ से मेल नहीं खाता ?

क) असीम

ख) जिसका अंत न हो

ग) जिसका पार न हो

घ) अखण्ड

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए– [1×2=2]

i) 'उत्साह' किस प्रकार का गीत है ?

क) प्रेम ख) विरह

ग) आह्वान घ) उत्साह

ii) 'तार सप्तक' का अर्थ है–

क) सरगम के ऊँचे स्वर

ख) एक ओजपूर्ण गीत

ग) एक विशेष राग

घ) एक प्रकार का वाद्य यंत्र

## खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

### पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य–पुस्तक

11. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– [2×3=6]

क) सुषिर–वाद्यों से क्या अभिप्राय है ? शहनाई को 'सुषिर वाद्यों में शाह' की उपाधि क्यों दी गई होगी ?

ख) लेखक की दृष्टि में 'सभ्यता' और 'संस्कृति' की सही समझ अब तक क्यों नहीं बन पाई है ?

ग) भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की ?

घ) पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

12. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– [2×3=6]

क) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?

ख) कवि ने बच्चे की मुसकान के सौंदर्य को किन–किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है ?

ग) संगतकार किन–किन रूपों में मुख्य गायक–गायिकाओं की मदद करते हैं ?

घ) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन–कौन से तर्क दिए ?

13. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– [4×2=8]

क) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ–कहाँ और किस तरह से हो रहा है ?

ख) प्राकृतिक सौंदर्य के अलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन–कौन से दृश्य झकझोर गए ?

ग) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है ?

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– [6]

क) बच्चों की शिक्षा में माता–पिता की भूमिका

संकेत बिन्दु –

- शिक्षा विहीन नर पशु समान
- शिक्षा और माता–पिता
- शिक्षा की महत्ता

ख) सोशल मीडिया और किशोर

संकेत बिन्दु –

- भूमिका
- सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रभाव
- सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव

ग) आत्मविश्वास और सफलता

संकेत बिन्दु –

- आत्मविश्वास से तात्पर्य
- आत्मविश्वास सफलता के लिए क्यों आवश्यक
- अहंकार और आत्मविश्वास में अंतर

15. गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं जिससे आप चिंतित हैं। अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। [5]

अथवा

वाद–विवाद प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेने तथा पुरस्कार पाने का अनुभव बताते हुए अपने मित्र को लगभग 80–100 शब्दों में पत्र लिखिए।

16. आपने हाल ही में एम0 टेक0 (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) पूरा किया है। आप देश की विख्यात ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स के लिए काम करना चाहते हैं। इसके लिए स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार करें। [5]

अथवा

नौकरी के प्रस्ताव पर स्वीकृति देते हुए ई–मेल लिखिए। (लगभग 80 शब्दों में)

17. पर्यावरण विभाग की ओर से जल–संरक्षण का आग्रह करते हुए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। [4]

अथवा

मित्र को उसकी किसी उपलब्धि पर बधाई संदेश लिखिए।

#####